# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 1748 / 2023 दिनांकः— 09 जून, 2023

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्रबन्धक,**
**आर0बी0वी0एस0, इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन**
**ख्वाजागीपुर मिरहची एटा।**

**विषयः—परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पत्र सं0—आर0एम0पी0यू0 / 1706 / 2023 दिनांक 03 जून, 2023 एवं पत्र सं0—आर0एम0पी0यू0 / 1712 / 2023 दिनांक 05 जून, 2023 द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 08 जून, 2023 निर्धारित की गई थी उसके उपरान्त 09 जून, 2023 को रू0 100 / —विलम्ब शुल्क तथा दिनांक 10 जून, 2023 को रू0 500 / — विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु विज्ञप्ति निर्गत की गई थी।

आज दिनांक 09 जून, 2023 को विश्वविद्यालय की अधिकृत एजेंसी से प्राप्त डाटा से ज्ञात हुआ है कि आपके महाविद्यालय के किसी छात्र का परीक्षा फार्म आप द्वारा नही भरा गया है। अन्तिम रूप से आपको निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 05 जून, 2023 के अनुसार बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म रू0 500 / — विलम्ब शुल्क के साथ भरना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो जायेंगे, इसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व आपका होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि आपके महाविद्यालय के विद्यार्थी दिनांक 20 जून, 2023 से प्रारम्भ होने वाली परीक्षा में सम्मिलित नही होते है तो इनके लिए अलग से परीक्षा कराया जाना सम्भव नही होगा।

**भवदीय**

**(महेश कुमार)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
3. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि उपर्युक्त महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड करें।
4. गार्ड फाईल।

**सहायक कुलसचिव**

V letter